समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# गुवाहाटी हाईकोर्ट मे 367 पदों पर निकली बंपर भर्ती, ग्रेजुएट युवाओं के लिए सुनहरा मौका, इतनी मिलेगी सैलरी।

Publisher

Published on 08 Jul 2025




## 15 जुलाई से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया, ghconline.gov.in पर करे ऑनलाइन अप्लाई।

**गुवाहाटी :** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। **गुवाहाटी हाईकोर्ट** (Gauhati High Court) ने **367 पदों पर भर्ती** के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के तहत **ग्रेजुएशन** कर चुके उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया **15 जुलाई 2025** से शुरू होगी और इच्छुक अभ्यर्थी **गुवाहाटी हाईकोर्ट** की आधिकारिक वेबसाइट ghconline.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कौन कर सकता है आवेदन ?**
**गुवाहाटी हाईकोर्ट** की इस भर्ती में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त **विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन** (स्नातक) की डिग्री होना अनिवार्य है। साथ ही कंप्यूटर की बेसिक जानकारी होना भी जरूरी है क्योंकि चयन प्रक्रिया में कंप्यूटर टेस्ट शामिल रहेगा।

**आयु सीमा और छूट**
**न्यूनतम आयु :** 18 वर्ष
**अधिकतम आयु :** 40 वर्ष
**आरक्षित वर्गों (SC/ST/OBC/PwD)** को सरकारी नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया**

उम्मीदवारों का चयन तीन चरणों में किया जाएगा:

१. **रिटन टेस्ट (Written Test)**

२. **कंप्यूटर टेस्ट (Computer Test)**

३. **वाइवा वॉइस (Interview)**

**रिक्तियों का वर्गवार विवरण**

| **श्रेणी** | **पदों की संख्या** |
|---|---|
| सामान्य (General) | 191 |
| अनुसूचित जाति (SC) | 30 |
| अनुसूचित जनजाति (प्लेन) | 42 |
| अनुसूचित जनजाति (हिल) | 20 |
| ओबीसी/एमओबीसी | 79 |
| पीडब्ल्यूबीडी | 5 |
| कुल पद | 367 |

१. **आवेदन शुल्क**

**सामान्य व ओबीसी :** ₹500

२. **एससी/एसटी/दिव्यांग :** ₹250

**शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड मे किया जा सकता है।**

३. **वेतनमान और भत्ते**

**चयनित उम्मीदवारों को ₹14,000 से ₹70,000 मासिक वेतन मिलेगा।** इसके अलावा अन्य सरकारी भत्ते भी दिए जाएंगे।

कैसे करें आवेदन ?

१. ghconline.gov.in वेबसाइट पर जाएं।

२. **होम पेज पर "Recruitment" सेक्शन मे क्लिक करे।**

३. **संबंधित भर्ती विज्ञापन पर क्लिक करे।**

४. '**Apply Online**' **विकल्प पर क्लिक करे।**

५. **फॉर्म मे संभी जरूरी जानकारी भरे और दस्तावेज अपलोड करे।**

६. **आवेदन शुल्क का भुगतान करे और फॉर्म सबमिट करे।**

७. **भविष्य के लिए आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट जरूर ले।**

**महत्वपूर्ण तिथि**

**आवेदन शुरू होने की तिथि :** 15 जुलाई 2025

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani .com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.